दिन– रविवार | दिनांक– 08 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य में बारह जिलाधिकारियों समेत तैंतालीस आईएएस अधिकारियों का तबादला। तनय सुल्तानिया भोजपुर और रौशन कुशवाहा समस्तीपुर के जिलाधिकारी बने।

02. केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा–जल्द शुरू होगा दरभंगा एम्स का निर्माण कार्य। दो हजार करोड़ रुपए की लागत से बनेगा विश्व स्तरीय एम्स।

03. राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा– लोग ऑनलाईन आवेदन देकर प्राप्त कर सकते हैं जमीन के कागजात।

04. और, प्रदेश में डेंगू के नए मामले मिलने का सिलसिला जारी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान बासठ नये मामले आये सामने।

---

राज्य सरकार ने बारह जिलाधिकारी समेत तैंतालीस आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार तनय सुल्तानिया को भोजपुर, रौशन कुशवाहा को समस्तीपुर, तुषार सिंगला को बेगूसराय, कुमार गौरव को अरवल, मिथिलेश मिश्र को लखीसराय और उदिता सिंह को रोहतास का जिलाधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही विशाल राज को किशनगंज, अभिलाषा शर्मा को जमुई, आरीफ अहसन को शेखपुरा, तरण जोत सिंह को मधेपुरा, विवेक रंजन मैत्रेय को शिवहर और अनील कुमार को अररिया का डीएम बनाया गया है। इसके अलावा सरकार ने अधिकारियों का संयुक्त सचिव, विशेष सचिव, अपर सचिव, निदेशक और डीडीसी समेत कई पदों पर स्थानांतरण किया है।

---

केन्द्र सरकार ने तुहिन कांत पांडेय को वित्त सचिव नियुक्त किया है। फिलहाल वे वित्त मंत्रालय में दो महत्वपूर्ण विभागों के प्रभारी सचिव हैं। इनमें लोक उद्यम विभाग तथा निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग–दीपम शामिल हैं।

---

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा है कि दरभंगा में दो हजार करोड़ रुपए की लागत से भव्य एम्स का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। श्री नड्डा ने कल दरभंगा में स्थल निरीक्षण के बाद कहा कि शोभन एकमी बाईपास पर विश्व स्तरीय एम्स बनेगा। इससे उत्तर बिहार के साथ–साथ नेपाल के लोगों को भी लाभ मिलेगा। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने दरभंगा और मुजफ्फरपुर में नवनिर्मित सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का

उद्घाटन किया। लहेरियासराय स्थित दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर मे बना अस्पताल दो सौ दस बेड और मुजफ्फरपुर के श्रीकृष्ण मेमोरियल कॉलेज अस्पताल परिसर में बना अस्पताल दो सौ बीस बेड की क्षमता वाला है। उन्होंने कहा कि सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में लोगों को विश्वस्तरीय इलाज की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल बदलते दरभंगा की पहचान बनेगा।

---बाईट---

---

राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने कहा है कि जमीन के सभी दस्तावेज डिजिटल रूप से मौजूद हैं और लोग इसे आवेदन देकर ऑनलाईन प्राप्त कर सकते हैं। प्रदेशभर में भूमि सर्वेक्षण को लेकर हो रही परेशानियों पर मंत्री ने कहा कि सरकार ने खतियान, जमाबंदी पंजी, लगान रसीद जैसे जमीन से जुड़े अन्य दस्तावेज डिजिटली उपलब्ध कराया है। श्री जायसवाल ने कहा कि जमीन से जुड़े किसी कागजात को लेकर स्वघोषणा के साथ निदेशालय की वेबसाईट पर इसे आपलोड किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोग खुद अपनी वंशावली बनाकर स्वघोषणा के साथ जमा कर सकते हैं। यह पूरी तरह मान्य होगा।

---

बिहार रियल ईस्टेट रेग्युलेटरी अथॉरिटी के अध्यक्ष विवेक सिंह ने कहा है कि देश में पहली बार बिल्डरों और उनके प्रोजेक्ट की ग्रेडिंग की जा रही है। श्री सिंह ने कहा कि इससे फ्लैट खरीदने वालों को आसानी होगी।

---बाईट---

---

आर्थिक अपराध इकाई के डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लो ने कहा है कि राज्य के सभी चौवालीस साईबर थाने एक दूसरे से जुड़ेंगे। इसके लिए एक पोर्टल बनाया जा रहा है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत मं करते हुये श्री ढिल्लों ने कहा कि यह एक अत्याधुनिक नेटवर्किंग सिस्टम होगा, जिसके माध्यम से सभी साईबर थाने ईओयू के साईबर कोर सेन्टर से जुड़ जायेंगे। डीआईजी ने कहा कि पोर्टल के माध्यम से मोबाईल नम्बर और आईपी एड्रेस के लोकेशन को पकड़ना आसान हो जायेगा। साथ ही थाना आपस में साईबर अपराधियों के बारे में सूचनाओं का तुरंत आदान–प्रदान कर सकेंगे।

---

आज अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस है। इस मौके पर राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर अपने संदेश में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा है कि शिक्षा

मनुष्य में सहिष्णुता, सह अस्तित्व और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे मूल्यों को विकसित करने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि यह किसी भी समाज और राष्ट्र के विकास में केन्द्रीय भूमिका का निर्वाह करती है। राज्यपाल ने कहा कि हमारा कर्तव्य है कि शिक्षा के विस्तार में हम अपना योगदान दें। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रदेशवासियों से शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने में सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। इधर, कल नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय स्कूली शिक्षा और साक्षरता सचिव संजय कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन स्पेक्ट्रम ऑफ लिट्रेसी की अध्यक्षता की। श्री कुमार ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अंडरस्टैंडिंग लाइफलॉग लर्निंग फॉर ऑल सोसाइटी पहल का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी आबादी तथा महिला और पुरुष के बीच साक्षरता अंतर को कम करना है।

---

पेरिस पैरालिंपिक में भारतीय खिलाडियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। पुरूषों के भाला फेंक स्पर्धा में नवदीप सिंह ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं, सिमरन शर्मा ने महिलाओं की दो सौ मीटर दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त किया है। इसके साथ ही भारत के उनतीस पदक हो चुके हैं। इनमें सात स्वर्ण, नौ रजत और तेरह कांस्य पदक शामिल हैं। केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि सरकार खिलाड़ियों और उनके प्रशिक्षकों को सभी तरह की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री मांडविया ने कहा कि सरकार खिलाड़ियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरुप खेलों का बुनियादी ढांचा विकसित कर रही हैं, जिससे वे प्रतिस्पर्धाओं में अच्छा प्रदर्शन कर सकें। श्री मांडविया ने पैरालंपिक खेल से लौटे खिलाड़ियों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि भारतीय खिलाड़ियों ने पैरालिंपिक प्रतिस्पर्धाओं में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

———बाईट———

हमारे पैरालिंपिक खिलाडियों देश का गौरव बढा रहा है। पिछले टोक्यों पैरालिंपिक्स में हमें 19 मेडल मिले थे। आज हम 27 तक पहुंचे हैं। देश भी चियर फॉर भारत करके हमारे खिलाडियों का हौसला बढा रहा है। आज हमारे साथ पैरालिंपिक्स मेडल विनर प्लेयर भारत आये हैं। सबका मैं अभिवादन करता हूँ।

---

राज्य में एक बार फिर मॉनसून की सक्रियता में कमी आई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–मध्य और दक्षिणी हिस्सों के कुछ स्थानों पर ही हल्की से मध्यम बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चार दिनों तक कहीं भी भारी बारिश की संभावना नहीं है।

———बाईट———

———————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नए मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्यभर से बासठ नये मामले सामने आये हैं। इसमें सबसे अधिक छत्तीस मरीज पटना से हैं। इसके अलावा गया से सात और औरंगाबाद से पांच मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस वर्ष अब तक डेंगू के एक हजार अड़सठ मामले सामने आ चुके हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा योजना के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर राकेश कुमार ने डेंगू से बचाव के संबंध में जानकारी दी।

———बाईट———

———————————————————————

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार दो हजार पच्चीस के लिए नामांकन इस महीने की पन्द्रह तारीख़ तक किए जा सकेंगे। महिला और बाल विकास मंत्रालय प्रत्येक वर्ष जनवरी में इस पुरस्कार का आयोजन करता है। विजेताओं की घोषणा इस वर्ष छब्बीस दिसंबर को वीर बाल दिवस पर की जाएगी। इस पुरस्कार का उद्देश्य बच्चों की ऊर्जस्विता, संकल्प, क्षमता और उत्साह को सम्मानित करना है। पुरस्कार के लिए पांच वर्ष से अठारह वर्ष तक की आयु के बच्चे पात्र हैं। नामांकन राष्ट्रीय पुरस्कार की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकता है।

———————————————————————

भारतीय स्टेट बैंक फाउंडेशन आशा छात्रवृति कार्यक्रम के तहत दस हजार मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देगा। यह छात्रवृति छठी कक्षा से स्नातकोत्तर तक के वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को दी जाएगी। छात्रवृत्ति के तौर पर पन्द्रह हजार से दो लाख रूपये तक की आर्थिक सहायता दी जाएगी। यह छात्रवृति अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को आईआईटी, आईआईएम और विदेश में पढाई के लिए दी जाएगी। इच्छुक विद्यार्थी इस वर्ष एक अक्टूबर तक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। पता है– एसबीआईएफ आशा स्कॉलरशिप डॉट ओआरजी।

———————————————————————

सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा है कि सहकारी बैंकों में एक महीने तक विशेष अभियान चलाकर खाता खोले जायेंगे। श्री कुमार ने पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से दो सौ नब्बे जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों की शाखाओं की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से किसानों और कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को आसानी से ऋण मिल सकेगा।

———————————————————————

कटिहार जिले के मनसाही थाना क्षेत्र स्थित एक निजी स्कूल के छात्र की हत्या के आरोप में पुलिस ने एक शिक्षक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

मधुबनी जिले के लदनियां थाना क्षेत्र से पुलिस ने शराब लदे वाहन के साथ चालक को गिरफ्तार किया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने आईएएस अधिकारियों के तबादले से जुड़ी खबर का शीर्षक लगाया है– बारह जिलों में नये जिलाधिकारी।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गया दौरे से जुड़ी खबर को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– विष्णुपद मंदिर के वैकल्पिक पहुंच मार्ग का लोकार्पण।

दैनिक भास्कर ने मणिपुर से जुड़ी घटना का शीर्षक लगाया है। मैतेई–कुकी में फिर आमने–सामने की जंग, फायरिंग में पांच की मौत।

प्रभात खबर की सुर्खी है– दो लाख रूपये के ईनामी आरा के बालू माफिया रंजित को एसटीएफ ने ऋषिकेश से दबोचा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर............

01. राज्य में बारह जिलाधिकारियों समेत तैंतालीस आईएएस अधिकारियों का तबादला। तनय सुल्तानिया भोजपुर और रौशन कुशवाहा समस्तीपुर के जिलाधिकारी बने।
02. केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा–जल्द शुरू होगा दरभंगा एम्स का निर्माण कार्य। दो हजार करोड़ रुपए की लागत से बनेगा विश्व स्तरीय एम्स।
03. राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा– लोग ऑनलाईन आवेदन देकर प्राप्त कर सकते हैं जमीन के कागजात।
04. और, प्रदेश में डेंगू के नए मामले मिलने का सिलसिला जारी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान बासठ नये मामले आये सामने।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।